बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-74
22/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में पटना जिले के दनियावां में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, 22 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में पटना जिले के दनियावां में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने दनियावां में जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत सूर्य मंदिर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तालाब को और गहरा कराएं ताकि इसमें अधिक से अधिक जल का संग्रहण हो सके। तालाब के चारों तरफ पौधारोपण भी कराएं साथ ही और सीढ़ीनुमा घाट बनवाएं जिससे तालाब सुंदर भी दिखेगा और छठ व्रतियों को किसी प्रकार की दिक्कत भी नहीं होगी। यहां चारों ओर सोलर लाइट लगवा दें ताकि हमेशा रौशनी रहे। सूर्य मंदिर परिसर में सोलर लाइट लग जाएगी तो यह और अच्छी बात होगी। सौर ऊर्जा अक्षय ऊर्जा है, हम सभी को इसको और बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री ने सूर्य मंदिर परिसर में बिहार महादलित विकास मिशन के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें समाज सुधार अभियान चलाने एवं शराब नहीं पीने के लिए लोगों को प्रेरित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।

निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने सूर्य मंदिर में सूर्य देवता की पूजा कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में हमने यहॉ तालाब के जीर्णोद्धार का निर्देश दिया था उसी को हम देखने आए थे। इसका और बेहतर ढंग से सौंदर्यीकरण करने का हमने अधिकारियों से कहा है।

सूर्य मंदिर तालाब निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने दनियावॉ प्रखंड के मछरियावॉ महादलित टोला में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में लोगों से जानकारी ली। वहां उपस्थित लोगों से मुख्यमंत्री ने समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का जायजा लिया और कहा कि तालाब के चारों तरफ रेलिंग भी बनवा दें ताकि लोगों को वहां घूमने में सुविधा हो।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा। साथ ही लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना और मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया और उनसे बातचीत कर योजना से हो रहे फायदे के संबंध में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को पौधशाला योजना के तहत पौधारोपण कार्य से हो रहे फायदे के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे जो आमदनी हो रही है उससे हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जीविका स्वास्थ्य

सहायता केंद्र के माध्यम से हमलोग अस्पताल में मरीजों को सारी सुविधाओं के संबंध में बताते हैं ताकि उन्हें इलाज में किसी तरह की परेशानी न हो।

जीविका दीदियों ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत मिल रही सहायता से आइसक्रीम उत्पादन, मसाला उत्पादन, मछली पालन, मुर्गीपालन, अंडा उत्पादन, टिकुली, वस्त्र, श्रृंगार साधनों एवं अन्य उत्पादों के निर्माण के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। टिलेज पद्धति से आलू उत्पादन के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि इस पद्धति से उत्पादन में कम लागत लगता है। आलू उत्पादन में हमलोग पुआल बिछाते हैं जिससे नमी बनी रहती है और पुआल का खेती में भी उपयोग हो जाता है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीविका से जुड़ने के बाद हमलोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी हो रही है। आमदनी बढ़ रही है। परिवार खुशहाल है। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि हम चाहते हैं कि आप आगे बढ़ें और आपका परिवार आगे बढ़े। मुख्यमंत्री सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 89 जीविका दीदियों को 21 लाख 79 हजार रुपये का मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने मुख्यमंत्री को कविता सुनाई, इस पर मुख्यमंत्री काफी खुश हुए। जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने कुआं के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सह सूचना एवं जन–संपर्क विभाग के मंत्री श्री संजय कुमार झा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, लघु जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री रवि मनु भाई परमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना रेंज श्री राकेश राठी, जिलाधिकारी पटना श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******